## 43वीं जूनियर शूटिंग बॉल चैम्पियनशिप के लिए बैंसला पर्यवेक्षक नियुक्त

**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** राजस्थान शूटिंग बॉल संघ के तत्वाधान में सीकर में दिनांक 7-8 दिसम्बर को आयोजित होने जा रही 43वीं जूनियर राजस्थान राज्य शूटिंग बॉल चैम्पियनशिप के लिए दौसा जिला शूटिंग बॉल संघ के चेयरमैन व राजस्थान शूटिंग बॉल संघ के कोषाध्यक्ष सुनील बैंसला को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। राजस्थान शूटिंग बॉल संघ के महासचिव ओमप्रकाश माचरा ने बताया कि दौसा जिला शूटिंग बॉल संघ के चेयरमैन व राजस्थान शूटिंग बॉल संघ के कोषाध्यक्ष सुनील बैंसला को 43वीं जूनियर राजस्थान राज्य शूटिंग बॉल चैम्पियनशिप के लिए राजस्थान शूटिंग बॉल संघ ने पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। नियुक्त पर्यवेक्षक सुनील बैंसला सम्पूर्ण चैम्पियनशिप का पर्यवेक्षण कर राजस्थान शूटिंग बॉल संघ के महासचिव ओमप्रकाश माचरा को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।



## चिंटू अग्रवाल ने हासिल की 49वीं रैंक

**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** बिवाई निवासी 25 वर्षीय चिंटू अग्रवाल ने भारतीय अभियांत्रिकी सेवा आईईएस यूपीएससी परीक्षा- 2024 मे ऑल इंडिया 49 वीं रैंक प्राप्त की है इस उपलब्धि के साथ उन्होंने न केवल अपने परिवार को बल्कि पूरे अग्रवाल समाज को गौरवान्वित किया है। चिंटू ने 2020 में जयपुर से इलेक्ट्रॉनिक्स में स्नातक की पढ़ाई पूरी की वर्तमान मे वे नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड एनटीपीसी में ग्रेड ए ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। चिंटू अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार विशेष रूप से अपने पिता भगवान सहाय अग्रवाल, माता माया देवी एवं चाचा राजकुमार अग्रवाल को देते हैं जिन्होंने उनके सपनों को साकार करने में हर संभव सहयोग किया। चिंटू का कहना है कि सही दिशा में की गई मेहनत और बड़ों के आशीर्वाद से किसी भी बड़े लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।



## निजीकरण के विरोध में सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मॉर्निंग न्यूज @ नीमराना।** बिजली विभाग के कर्मचारियों के द्वारा बिजली निगम के निजीकरण के विरोध में सोमवार को उपखंड स्तर पर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया। कर्मचारी विकास यादव, शेर सिंह चौधरी ने बताया कि सरकार के द्वारा बिजली निगम को निजीकरण में किया जा रहा है निगम को निजीकरण में करने से उपभोक्ताओं को बिजली महंगी



मिलेगी तथा बिजली का सुविधा का लाभ नहीं मिल पाएगा और निजीकरण का फैसला कर्मचारियों के खिलाफ जनविरोधी का निर्णय रहेगा। निजीकरण के खिलाफ सभी कर्मचारियों ने एकजुट होकर सोमवार को नीमराना उपखंड कार्यालय पर उपखंड अधिकारी महेंद्र यादव को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में बताया गया है कि अगर सरकार निजीकरण को बढ़ावा देगी तो उपभोक्ताओं को सुविधाओं से नुकसान होगा और कर्मचारियो को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस अवसर पर विकास यादव, शेर सिंह चौधरी, सतीश, हवा सिंह, पवन, मनोज अरुण, सिवानंद, रविंद्र, हरनाम सहित काफी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कार से अफीम बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो चित्तौड़गढ़ व कोटा की टीम ने तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए एक मारुति वैन की तलाशी में 30 लाख रुपए से अधिक की अफीम जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो चित्तौड़गढ़ के निवारक दल के अधीक्षक डीके सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर लगातार कार्यवाही जारी है। मुखबिर से अफीम तस्करी के संबंध में सूचना मिलने पर टीम भीलवाड़ा सिक्सलेन पर जिले में रिठौला चौराहे पर पहुंची। इस दौरान मुखबिर द्वारा बताया वाहन कोटा हाइवे की ओर से आता दिखाई दिया। नारकोटिक्स की टीम ने वैन को रुकवाकर तलाशी ली। वैन में लगे गैस किट को देख शंका हुई, जिस पर टीम ने गैस की टंकी को खुलवाया जिसमें दो पार्टिशन किए हुवे थे।

# लायंस क्लब ने संस्कार सप्ताह मनाया

**मॉर्निंग न्यूज @ सिरोही।** लायंस क्लब शिवगंज-सुमेरपुर ने सेवा और संस्कार सप्ताह के अंतर्गत दादावाड़ी स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर बच्चों को संस्कार, शिक्षा और नैतिक मूल्यों के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया गया।

विद्यालय के 250 बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। क्षेत्रीय अध्यक्ष लॉयन पंकज कुमार अग्रवाल ने स्काउट्स के पाँच बच्चों को गणवेश प्रदान करने की घोषणा की, जिससे बच्चों और अभिभावकों में उत्साह का संचार हुआ। कार्यक्रम के दौरान लायन डॉ. रवि शर्मा, संस्कार एरिया कोऑर्डिनेटर और एमजेएफ लॉयन दीपक गोयल, संभागीय अध्यक्ष ने बच्चों को संस्कार और जीवन में उनके



महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बच्चों को नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। लायन श्रवण राठी, प्रांतीय कोऑर्डिनेटर ने लायंस क्लब की गतिविधियों और समाज में उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। भैरारामजी चौधरी ने बच्चों को योग और शारीरिक रूप से फिट रहने के तरीकों के बारे में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि नियमित योग और व्यायाम जीवन को स्वस्थ और अनुशासित बनाते हैं। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक बंसल, क्षेत्रीय अध्यक्ष पंकज कुमार अग्रवाल, लायंस क्लब सदस्य हीरालाल पालीवाल एवं योगेश पटवा, हिंदुस्तान डिफेंस अकैडमी के भैराराम चौधरी, एक पौधा एक मिशन के ब्रांड एंबेसडर ओम प्रकाश कुमावत, स्कूल प्राचार्य बलवंत सिंह राठौड़, स्काउट सचिव डॉ. रमेशचंद आगलेचा, स्कूल स्टाफ और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय अध्यक्ष लॉयन पंकज अग्रवाल और डॉ. रमेशचंद आगलेचा ने संयुक्त रूप से किया। अंत में स्कूल प्रधानाचार्य बलवंत सिंह राठौड़ ने सभी अतिथियों और उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन ने बच्चों को शिक्षा, संस्कार और सेवा के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संविधान दिवस पर आमजन को पौधा-रस्म के लिए किया प्रेरित

**मॉर्निंग न्यूज @ सिरोही।** सुमेरपुर नदी किनारे डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर उद्यान में एक व्यक्ति एक पौधा मिशन व आयुष नसेंज महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ब्रांड एंबेसडर पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत, आयुष नसेंज महासंघ उपाध्यक्ष ललित मेघवाल, प्रधानाचार्य रामलाल नरेन्द्र मीणा व डॉ भीमाराव अंबेडकर को माला पहनाकर पुष्प अर्पित किए। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा संविधान अंगीकृत किया गया। संविधान पुरे भारत में 26 जनवरी 1950 लागु किया गया। इसलिए प्रतिवर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। संविधान में सभी को समान अधिकार प्राप्त है।

## नामदेव छीपा समाज का अभिनंदन समारोह आयोजित

**मॉर्निंग न्यूज @ सिरोही।** नामदेव छीपा समाज छात्रावास फालना द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह के दौरान बाली विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत के प्रयास से नगर पालिका खुडाला फालना द्वारा बनाया हुआ छात्रावास का पट्टा छात्रावास के पदाधिकारी को उपलब्ध कराए जाने के अवसर पर नामदेव छीपा समाज की ओर से विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत, नगर पालिका अध्यक्षा ललिता रमेश शाह, अधिशासी अधिकारी विनयपाल जाट, राजस्व निरीक्षक महेंद्र बंजारा, भोपालसिंह गुर्जर, वार्ड पार्षद देवेंद्र सिद्धार्थ, फुलेश प्रजापत, मुकनाराम इत्यादि को माला, शॉल एवं साफा पहनाकर बहुमान करके सम्मानित कर आभार प्रकट किया। विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत द्वारा छात्रावास मैं सोलर प्लांट लगाने के बारे में नियमों में आने की दशा में सोलर प्लांट लगाने की घोषणा करते हुए छीपा समाज में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के बारे में जोर दिया एवं 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त छात्र हार्दिक ललित सोलंकी और छात्रा उर्वशी दिनेश परमार को रूप नारायण फाउंडेशन जयपुर के तत्वाधान में चांदी का सिक्का प्रशस्ति पत्र एवं 1100/- नकद देकर पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्रावास अध्यक्ष मूलचंद गहलोत, सचिव कांतिलाल चौहान, पूरणचंद परमार, सुमेरसिंह मेड़तिया, जगदीश परमार, रिखबचंद परमार, चंपालाल भाटी, मांगीलाल गहलोत, नैनमल भाटी, बाबूलाल राठौड, भूरमल भाटी, चंपालाल सोलंकी, नैनसिंह पंवार, मदनलाल भाटी, दशरथ कुमार, रमेश टेलर, लक्ष्मण, नरेश परमार, रूपचंद गहलोत आदि उपस्थित रहे।

## निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**मॉर्निंग न्यूज @ चाकसू।** सम्पूर्ण प्रदेश में बिजली विभाग में उत्पादन -प्रसारण एवं वितरण को लेकर विभिन्न प्रक्रियाओं एवं अलग अलग मॉडल को लेकर किए जा रहे निजीकरण के विरोध मे विद्युत निगम के कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। राजस्थान संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में चाकसू के विद्युत कर्मचारियों ने अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग राजस्थान के नाम लिखित ज्ञापन सहायक अभियंता रामावतार बैरवा चाकसू को दिया। धरना प्रदर्शन करते हुए निजीकरण के विरोध में जमकर नारेबाजी की। पदाधिकारियों ने बताया तीनों डिस्काम में वर्तमान में अधिकतर कार्य आउटसोर्स, एफ आरटी, ठेके, एवं सीएलआरसी इत्यादि नामों से निजी भागीदारी द्वारा करवाए जा रहे हैं।

# विद्यार्थियों को लोकतंत्र के प्रति किया जागरूक

**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधित स्वीप कार्यक्रम के तहत निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रामसिंह राजावत के निर्देशन में तहसीलदार एवं स्वीप प्रभारी बांदीकुई राजेश सैनी तथा स्वीप समन्वयक महेश बनापुरिया के मार्गदर्शन में सभी विद्यालयों में संविधान दिवस मनाया गया। जिसके तहत सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलवाई गई तथा लोकतंत के महत्व पर निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है। इसे भारतीय लोकतंत्र और संविधान को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन



भारतीय संविधान के महत्व को समझने और उसके प्रति जागरूकता फैलाने का अवसर प्रदान करता है। 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान संविधान सभा द्वारा अपनाया गया। हालांकि, यह 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ।

संविधान दिवस को औपचारिक रूप से 2015 में घोषित किया गया था। इससे पहले, 26 नवंबर को विधि दिवस के रूप में मनाया जाता था। संविधान के निर्माता भारतीय संविधान का प्रारूप मुख्य रूप से डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में तैयार किया गया। उन्हें संविधान का जनक कहा जाता है। यह विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। यह भारत को धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में परिभाषित करता है।

# राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का पीईईओ संवाद कार्यक्रम आयोजित

**मॉर्निंग न्यूज @ सिरोही।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार शिवगंज उप शाखा में पीईईओ संवाद कार्यक्रम प्रारंभ है।

प्रदेश उपाध्यक्ष शैतान सिंह राठौड़ ने उप शाखा के सभी शिक्षक कार्यकर्ता बंधुओं को निर्देशित किया कि उपशाखा के प्रत्येक पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी से भेंट कर उन्हें संगठन की रीति-नीति से अवगत कराया जाएगा। उपशाखा अध्यक्ष हंसमुख रावल ने बताया कि संगठन द्वारा वर्ष पर्यंत किए जाने वाले कार्यों व संगठन की कार्यप्रणाली प्रणाली की जानकारी प्रत्येक पीईईओ को दी जाएगी। उपशाखा मंत्री राजाराम मीणा ने बताया कि प्रत्येक पीईईओ को संगठन का फोल्डर दिया जाएगा। जिला वरिष्ठ



उपाध्यक्ष सरप्रताप सिंह ने कहा कि संगठन गुरुवंदन कार्यक्रम, वृक्षारोपण, कर्तव्य बौद्ध दिवस, सेमिनार एवं संगोष्ठिया, नव संवत्सर, सामाजिक समरसता दिवस, रक्तदार शिविर आदि सामाजिक सरोकार के कार्य भी करता है। संगठन के लाल सिंह ने कहा कि इस अवसर पर सभी पीईईओ का दुपट्टा पहना कर बहुमान किया जाएगा। संगठन के इस संवाद कार्यक्रम के लिए मांगीलाल टाक, मधुराज गहलोत, मगन कुमार वैष्णव, मूलाराम घांची, गोविंद कुमार छिपा, गणपत सिंह, नगाराम कुम्हार, कालूराम देवासी, अर्जुन सिंह, गणपत सिंह, अशोक कुमार, शंकर लाल बाना, दिनेश कुमार रावल, बलवीर सिंह, महेंद्र सिंह, चैतन्य सिंह, विक्रम सिंह सोलंकी, हीरालाल कुम्हार, विक्रम सिंह जैतावत, महिपाल सिंह देवड़ा, महेंद्र सुथार व उम्मेदसिंह क्षेत्र के पीईईओ से संवाद कार्यक्रम के लिए भेंट कर संगठन की कार्यप्रणाली से अवगत करा रहे हैं।

## संविधान दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर की ओर से संविधान दिवस पर अम्बेडकर नगर स्थित नवनिर्मित पार्टी कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कांग्रेसजनो को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि किसी भी देश का अतीत, इतिहास के पन्नो में होता है और देश का भविष्य, संविधान के पन्नो में होता है। नागरिकों को उनके मौलिक अधिकार मिले, समाज में अंत्योदय हो, अंतिम पंक्ति में बैठे दलित,गरीब, शोषित और पीडि़त व्यक्तिका उद्धार हो। पूर्व विधायक श्रीराम मीणा, उमरैण ब्लॉक पूर्व अध्यक्ष लालजी यादव एवं आतंकी हमले के शहीदों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

## आरजेएस बनने पर शालू शेखावत का ग्रामीणों ने किया स्वागत



**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर।** बानसूर के ज्ञानपुरा की शालू शेखावत के राजस्थान ज्यूडिशियल सर्विस बनने पर पहली बार अपने गांव ज्ञानपुरा आने पर विधायक देवीसिंह शेखावत के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बेटी का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र का नाम रोशन करने पर नारायणपुर से ज्ञानपुरा तक शालू शेखावत का जगह जगह पुष्प वर्षा कर व माला और साफा से भव्य स्वागत किया गया। शालू शेखावत अपने परिवार के साथ जयपुर में रहती है और पिछले महीने ही राजस्थान हाइकोर्ट ने राजस्थान ज्यूडिशियल सर्विस के परिणाम में आरजेएस की परीक्षा पास करने के बाद आज पहली बार अपने गांव ज्ञानपुरा पहुंचने पर ग्रामीणों ने अपनी बेटी का जोरदार स्वागत किया है।


**NAME CHANGE**

I Have Changed My Name From Pratikshit To Pratikshit Sharma. For All Future Purposes R/O A-163 J.D.A Staff Colony Haldighati Marg Teelawala Pratap Nagar Sanganer Jaipur

I Have Changed My Name Jaisingh To Jai Singh Bhati For All Future Purpose Address 52-A Pawan Putra Main Colony Panchyawala Jaipur Rajasthan 302034

I Have Changed My Name Sucheta Khandelwal To Sucheta Gupta For All Future Purpose Address A404 RB Industries Road No 9f Vki Area Jaipur Rajasthan 302013

I Have Changed My Name Shivani Soni To Shivani For All Future Purpose Address 40 Panchwati Colony Jaisinghpura Khor Jaipur Rajasthan 302027

I Have Change My Name From Julekha To Jule Khan For All Purpose In Future. Add.-251, Sanjay Nagar-B, Near Joshi Marg, Kalwar Road, Jhotwara, Jaipur, Raj.

I Have Changed My Name From Banwar Ram To New Name Banwari For All Proposes R/0 VPO Narsas Nechwa Dist Sikar 332312

I Have Changed My Name From Vinod To New Name Vinod Kumar For All Purpose In Future R/O Mohalla Nagarpura Jhunjhunu Raj

I Have Changed My Name From Alka Maharshi Sharma To Alka Sharma R/O F No.301 2nd Floor P No.D-82 Ayodhya Nagar Lalarpura Panchyawala Jaipur Raj

I Have Changed My Name From Piya Nolakha To Piya Navlakha For All Purposes R/o Jashan Villa 481, Nemi Sagar Colony, Jaipur


## पृष्ठ एक का शेष...

### संविधान अधिकार...

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संविधान दिवस के संदेश को प्रदेशवासियों तक पहुंचाने के लिए अनेक पहल की जा रही हैं। हम संविधान में निहित मौलिक कर्तव्यों की पालना के बेहतर प्रयासों को सम्मानित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस पर अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए अभियान चलाने जैसे प्रयास राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे हैं। साथ ही, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में विद्यालयों एवं सरकारी कार्यालयों में संविधान की प्रस्तावना के पठन सहित विभिन्न कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान को आत्मसात कर इसे सार्वजनिक जीवन में लागू करना तथा अपने कर्तव्यों का सर्वोत्तम पालन करना ही राष्ट्र निर्माण की कुंजी है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि संविधान में दिए गए मूल्यों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि हमारा संविधान केवल एक पुस्तक नहीं बल्कि राष्ट्र की आत्मा का प्रतिबंब है। उन्होंने कहा कि हम सब एक नागरिक के रूप में अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें लेकिन कर्तव्यों को भी नहीं भूलें तथा आपसी सहभागिता से सुशासन की स्थापना कर प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने में योगदान दें। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उपस्थित लोगों को संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया। इस दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, विधि एवं विधिक संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीग उपस्थित रहे।

### संविधान ने...

हूं। मैं देश के संकल्प को भी दोहराना चाहता हूं कि भारत की सुरक्षा को चुनौती देने वाले सभी आतंकवादी संगठनों को करारा जवाब मिलेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा में अपने भाषण में कहा था कि भारत को 50 ईमानदार लोगों के समूह की जरूरत है, जो देश के हित को अपने से ऊपर रखते हैं। राष्ट्र प्रथम की ये भावना आने वाले कई सालों तक भारतीय संविधान को जीवंत रखेगी। संविधान ने मुझसे जो मर्यादा मांगी मैंने उसका पालन करने का प्रयास किया है। मैंने उसका अतिक्रमण करने का प्रयास नहीं किया है। पीएम बोले-एक समय था जब वरिष्ठ नागरिकों को बैंकों में जाकर यह साबित करना पड़ता था कि वे जीवित हैं। आज वरिष्ठ नागरिक डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। संविधान की मूल प्रति में भगवान राम, माता सीता की तस्वीरें हैं। भारतीय संस्कृति के प्रतीक चित्र इसलिए हैं ताकि वे हमें मानवीय मूल्यों की याद दिला सकें। ये मानवीय मूल्य आज के भारत की नीतियों और निर्णयों का आधार हैं। मंगलवारको ही देश के संविधान के 75 साल पूरे होने पर पुरानी संसद के सेंट्रल हॉल में विशेष कार्यक्रम हुआ। इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला भी मौजूद रहे थे। आयोजन की थीम हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान रखी गई थी।

### पेपर लीक करने...

बेस्ड टेस्ट से वह पूरी प्रक्रिया ही समाप्त हो जाएगी। इससे पेपर की भी बचत होगी। इसके साथ ही परीक्षा आयोजन की पूरी प्रक्रिया काफी सरल और छोटी भी हो जाएगी। कम वक्त में ज्यादा से ज्यादा परीक्षाओं का आयोजन करवाया जा सकेगा।

**पहले एमएनआईटी, फिर आईआईटी की टीम तैयार करेगी रिपोर्ट :** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि दो दिन मॉक टेस्ट की प्रक्रिया पूरी होने के बाद एमएनआईटी, जयपुर की ओर से इस पूरी प्रक्रिया का परीक्षण किया जाएगा। इसकी एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसके बाद आईआईटी कानपुर और आईआईटी मद्रास द्वारा इस प्रक्रिया की जांच करवाई जाएगी। उसके बाद ही टैबलेट बेस्ड टेस्ट प्रक्रिया के भविष्य को लेकर कोई फैसला किया जाएगा। आलोक राज ने बताया कि फिलहाल राजस्थान में कर्मचारी चयन बोर्ड ऑनलाइन (कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट) और ऑफलाइन दोनों मोड पर भर्ती परीक्षा का आयोजन करवा रहा है। ज्यादातर परीक्षा केंद्र सरकारी स्कूल-कॉलेज होते हैं, जहां इतनी बड़ी संख्या में कंप्यूटर उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट के आयोजन में ज्यादा वक्त लग सकता है। वहीं, प्राइवेट संस्थान की विश्वसनीयता पर एक राय नहीं है। ऐसे में बोर्ड द्वारा टैबलेट मोड पर भर्ती प्रक्रिया के आयोजन की तैयारी की जा रही है।

### राजस्थान में...

शिक्षा विभाग ने सभी तैयारियां शुरू कर दी है। जल्द ही विज्ञप्ति जारी कर आवेदन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस बार पात्रता परीक्षा का आयोजन प्रदेशभर में एक ही दिन किया जाएगा। इसके बाद 3 महीने की प्रक्रिया में पात्रता परीक्षा की आंसर की और रिजल्ट जारी करने के साथ ही शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की तारीख भी जारी की जाएगी।

### महाराष्ट्र में...

विधायकों की मुंबई में बैठक बुलाई गई है। इसमें फडणवीस को नेता चुना जाएगा। इसके बाद सह्याद्रि गेस्ट हाउस में शिंदे, फडणवीस और अजित प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकते हैं। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नए मुख्यमंत्री के लिए देवेंद्र फडणवीस का नाम लगभग फाइनल हो चुका है। आज ही उनके नाम की आधिकारिक घोषणा हो सकती है।

### लॉयलटी टेस्ट...

कर के जेल भिजवा देंगे और उनका कुछ नहीं जाएगा। चारों युवकों के पास से जो मोबाइल फोन मिले हैं, उन की फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) जांच करानी है। गिरफ्तार बदमाशों के पास गैंग का फोन कब और कहां से आया। उन नंबरों को कौन यूज कर रहा है। सारी जानकारी मिलने के बाद टीम एक्शन करेगी।